प्रसार भारती
भारतीय प्रसारण निगम
आकाशवाणी केन्द्र शिमला
30.10.2024/प्रादेशिक समाचार/1945बजे

''मुख्य समाचार''

- मुख्यमंत्री ने कहा—देहरा विधानसभा क्षेत्र के बनखंडी में बनने वाला दुर्गेश अरण्य प्राणी उद्यान आई.जी.बी.सी. द्वारा प्रमाणित देश का पहला चिड़ियाघर होगा।
- रौशनी का पर्व दीपावली कल— राज्यपाल व मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों को दीं शुभकामनाएं— लोगों से हरित दीपावली मनाने का आह्वान।
- दीपावली व छठ पूजा को लेकर भारतीय रेलवे यात्रियों की सुविधा के लिए चला रहा है 7 हज़ार 2 सौ से अधिक विशेष रेलगाड़ियां।
- चार दिवसीय राज्य स्तरीय किन्नौर महोत्सव आज से रिकांगपिओ में शुरू।

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा है कि कांगड़ा ज़िले में देहरा विधानसभा क्षेत्र के बनखंडी में भारतीय हरित भवन परिषद द्वारा प्रमाणित देश का पहला चिड़ियाघर होगा। उन्होंने आज शिमला में बताया कि इस चिड़ियाघर में पशु बेड़े स्थापित करने के लिए केंद्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण से मंजूरी मिल गई है। इसके तहत एशियाई शेर, हॉग डियर, मॉनिटर छिपकली, मगरमच्छ, घड़ियाल और विभिन्न पक्षियों सहित 73 प्रजातियों को प्रदर्शित किया जाएगा। इसके अलावा चिड़ियाघर में बिल्लियों की प्रजातियों व स्वदेशी प्रजातियों के पक्षियों को भी प्रदर्शित किया जाएगा। सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि इस चिड़ियाघर का नाम दुर्गेश अरण्य प्राणी उद्यान होगा और इस पर 6 सौ 19 करोड़ रूपये खर्च किए जाएंगे। इसका निर्माण कार्य अगले वर्ष तीसरी तिमाही तक पूरा होने की संभावना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि ये चिड़ियाघर पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र होगा और इससे क्षेत्र में पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा।

दीपावली

कल रौशनी का पर्व दीपावली है। दीपावली को लेकर राजधानी शिमला सहित प्रदेश के बाज़ारो में आज खूब रौनक रही और लोगों ने जमकर विभिन्न वस्तुओं की जमकर खरीददारी की। राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल और मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने प्रदेशवासियों को दीपावली की शुभकामनाएं दी हैं। राज्यपाल ने अपने बधाई संदेश में कहा है कि दीपावली का पर्व सभी के जीवन को प्रकाशमान करता है। उन्होंने कहा कि ये पर्व बुराई पर अच्छाई और अंधेरे पर प्रकाश की विजय का संदेश देता है। राज्यपाल ने उम्मीद जताई कि दीपावली का त्यौहार प्रदेशवासियों के जीवन में अपार खुशियां लाएगा। मुख्यमंत्री ने अपने शुभकामना संदेश में कहा है कि दीपावली का त्यौहार लोगों को सद्भावना, एकता

और भाईचारे का संदेश देता है। उन्होंने लोगों से दीपावली को पारंपरिक व पर्यावरण संरक्षण की भावना के साथ मनाने का आह्वान किया है। विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया, उप–मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री, विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह और भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल ने भी लोगों को दीपावली की शुभकामनाएं दी हैं।

रेलवे–विशेष रेलगाड़ियां

भारतीय रेलवे दीपावली और छठ पूजा के त्यौहारों के दौरान यात्रियों की भीड़ को देखते हुए 7 हज़ार 2 सौ 96 विशेष रेलगाड़ियां चला रहा है। इस वर्ष रेलवे यात्रियों की सुविधा के लिए पिछले वर्ष की तुलना में अढ़ाई हजार अतिरिक्त रेलगाड़ियां चला रहा है। हाल ही में रेल और सूचना व प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने घोषणा की थी कि पिछले साल संचालित साढ़े चार हजार रेलगाड़ियों की तुलना में इस साल विशेष रेलगाड़ियों की संख्या बढ़ाकर सात हजार कर दी गई है। उन्होंने कहा कि इन विशेष रेलगाड़ियों से प्रतिदिन लगभग दो लाख अतिरिक्त यात्री यात्रा कर सकते हैं।

शिमला डीसी

प्रशासन ने लोगों से ग्रीन दीपावली मनाने का आह्वान किया है। शिमला में चिन्हित स्थानों पर ही ग्रीन पटाखों की बिक्री की जा रही है। उपायुक्त अनुपम कश्यप ने लोगों से चिन्हित स्थानों पर ही पटाखों की बिक्री व खरीद करने को कहा है। उपायुक्त ने बताया कि प्रशासन की ओर से पटाखे चलाने का समय रात 8 से 10 बजे तक तय किया गया है। उन्होंने बताया कि चिन्हित स्थानों को छोड़कर अन्य स्थानों पर पटाखे बेचने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

अयोध्या– दीपोत्सव समारोह

दीपावली की पूर्व संध्या पर अयोध्या में आज भव्य दीपोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा के बाद अयोध्या में यह पहला दीपोत्सव समारोह है। उत्तर प्रदेश सरकार ने आज राम की पैड़ी सहित अयोध्या के 55 घाटों पर 25 लाख से अधिक दीये जलाकर सातवां गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाने का लक्ष्य रखा है। इस वर्ष एक और विश्व रिकॉर्ड बनाने की कोशिश की गई है जिसमें एक हज़ार एक सौ बटुक और एक सौ 57 संत एक साथ सरयू के घाट पर सबसे बड़ी आरती कर रहे हैं।

नड्डा–एकता शपथ

कल विश्व एकता दिवस है। केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने विश्व एकता दिवस के उपलक्ष्य में आज नई दिल्ली में एकता की शपथ दिलाई। इस दौरान स्वास्थ्य राज्य मंत्री प्रताप राव जाधव, स्वास्थ्य सचिव पुण्य सलिला श्रीवास्तव और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने शपथ ली। विश्व एकता दिवस हर साल 31 अक्टूबर को सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पर मनाया जाता है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य सरदार वल्लभ भाई पटेल की विरासत का सम्मान करना है, जिनकी दूरदर्शिता और नेतृत्व ने राष्ट्र को एकजुट करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। इस अवसर पर जे.पी.नड्डा ने कहा कि एक भारत श्रेष्ठ भारत की नींव सरदार वल्लभभाई पटेल ने रखी थी।

शिक्षा मंत्री

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने आज शिमला ज़िले के जुब्बल–कोटखाई क्षेत्र में करोड़ों रूपये की विकास योजनाओं के उद्घाटन व शिलान्यास किए। इनमें साढ़े 9 करोड़ रूपये की लागत से स्तरोन्नत की गई घणासीधार–खदराला सड़क का लोकार्पण भी शामिल है। इसके अलावा रोहित ठाकुर ने कुठाड़ी पंचायत में 15 लाख रूपये से बने पंचायत भवन व 5 लाख रूपये से निर्मित जन सुविधा केंद्र का उद्घाटन और लगभग 2 करोड़ रूपये से बनने वाले प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के भवन का शिलान्यास भी किया। शिक्षा मंत्री ने कहा कि मंडी मध्यस्थता योजना के तहत वर्तमान राज्य सरकार ने बागवानों की एक सौ 53 करोड़ रूपये की देनदारियों को एकमुश्त अदा किया है।

हमीरपुर मछली

हमीरपुर ज़िले में इस बार रिकॉर्ड मछली उत्पादन हुआ है। ज़िले में इस वर्ष पहली अप्रैल से 15 अक्तूबर तक 4 सौ 61 मीट्रिक टन यानि 4 लाख 61 हज़ार किलोग्राम मछली का कारोबार हुआ है। वरिष्ठ ज़िला मत्स्य अधिकारी अजय कुलदीप ने बताया कि पंजीकृत मछुआरों ने नदियों, नालों और खड्डों से 2 सौ 77 मीट्रिक टन मछलियां पकड़कर बाज़ार में पहुंचाई है, जबकि ग्रामीण तालाबों में भी एक सौ 84 मीट्रिक टन मछली उत्पादन हुआ है। कुलदीप ने कहा कि मात्र 7 महीने में मछली उत्पादन का ये एक रिकॉर्ड है।

किन्नौर महोत्सव

चार दिवसीय राज्य स्तरीय किन्नौर महोत्सव आज रिकांगपिओ में शुरू हुआ। इस मौके पर जनजातीय विकास मंत्री जगत सिंह नेगी ने इसका शुभारंभ किया। किन्नौर महोत्सव सूखे मेवों और ऊनी वस्त्रों की खरीद–फरोख्त के लिए जाना जाता है। इसमें बाहरी राज्यों से भी व्यापारी कारोबार करने पहुंचते हैं। महोत्सव के दौरान विभिन्न विभागों ने अपने उत्पादों पर प्रदर्शनियां लगाई हैं। जाइका वानिकी परियोजना के प्राकृतिक उत्पादों पर आधारित प्रदर्शनी आकर्षण का केंद्र बनी है। इसमें किन्नौरी राजमाह, टोपी, चुल्ली का तेल, हाफ जैकेट, स्टोल, कोट चोली और गलीचे बिक्री के लिए रखे गए हैं।

आयोग

राज्य अनुसूचित जाति आयोग के नवनियुक्त अध्यक्ष कुलदीप कुमार धीमान और सदस्य एडवोकेट दिग्विजय मल्होत्रा ने आज शिमला में मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू से भेंट की। मुख्यमंत्री ने उन्हें शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उनकी अध्यक्षता में आयोग अनुसूचित जाति के लोगों के कल्याण और उत्थान की दिशा में कार्य करेगा। कुलदीप कुमार ने कहा कि वे इस वर्ग से संबंधित लोगों के मामलों का प्रमुखता से निवारण सुनिश्चित करेंगे।

केवाईसी

राज्य सरकार ने आधार नम्बर को राशन कार्ड से जोड़ने, ई–के.वाई.सी और मोबाइल नम्बर अपडेट करने की तिथि 31 दिसम्बर तक बढ़ा दी है। खाद्य आपूर्ति विभाग के निदेशक रामकुमार गौतम ने बताया कि राशन वितरण में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए उपभोक्ताओं के राशन कार्डों में उनकी आधार संख्या पंजीकृत की जा रही है। उन्होंने सभी उपभोक्ताओं से अपनी नजदीकी उचित मूल्य की दुकान या लोक मित्र केन्द्र पर जाकर ई–के.वाई.सी करवाने की अपील की है।

'मुख्य समाचार एक बार फिर'

- मुख्यमंत्री ने कहा–देहरा विधानसभा क्षेत्र के बनखंडी में बनने वाला दुर्गेश अरण्य प्राणी उद्यान आई.जी.बी.सी. द्वारा प्रमाणित देश का पहला चिड़ियाघर होगा।
- रौशनी का पर्व दीपावली कल– राज्यपाल व मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों को दीं शुभकामनाएं– लोगों से हरित दीपावली मनाने का आह्वान।
- दीपावली व छठ पूजा को लेकर भारतीय रेलवे यात्रियों की सुविधा के लिए चला रहा है 7 हज़ार 2 सौ से अधिक विशेष रेलगाड़ियां।
- चार दिवसीय राज्य स्तरीय किन्नौर महोत्सव आज से रिकांगपिओ में शुरू।

.......................................................................................................................................................

.